
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सरकार बनी तो हर महिला को एक हजार रुपये देगी आप

**चुनावी वादा**

## कोई पूछे पैसा कहां से आएगा तो कहना कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली से लेकर आएगा

**संवाददाता**

काशीपुर। उत्तराखंड में अपना राजनीतिक जमीन तलाश रहे आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल मंगलवार को काशीपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपनी चौथी घोषणा की। कहा कि उत्तराखंड में उनकी सरकार बनी तो हर महिला को सरकार एक हजार रुपये महीन देगी। कहा कि कोई पूछे पैसा कहां से आएगा तो कहना कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली से लेकर आएगा।

रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के साथ संवाद में आम आदमी पार्टी के प्रमुख व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने हर दौरे की तरह इस बार भी बड़ा चुनावी वादा किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सरकार बनेगी तो प्रदेश में 18 वर्ष से ऊपर की हर महिला के अकाउंट में हर माह



1000–1000 रुपये डाले जाएंगे। जिन माताओं को बुढ़ापा पेंशन मिल रही है, उनको पेंशन मिलती रहेगी। इसके अलावा हजार रुपये महीने आएंगे।

विपक्षी दलों पर हमला करते हुए केजरीवाल ने कहा कि पैसों की चिंता मत करना। विपक्षी सवाल उठाएंगे, लेकिन मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं हवा में बात नहीं करता हूं, यह योजना लागू करूंगा। दिल्ली के बारे में बच्चा



बच्चा जानता है कितना काम हुआ है। यह चुनाव हम सबको मिलकर लड़ना है। महिलाओं को लड़ना है। केजरीवाल ने कहा कि उत्तराखंड में हजारों लाखों ऐसी बेटियां हैं जिनके पैसे के अभाव में उनकी पढ़ाई छूट जाती है। कालेज जाने से वंचित बेटियों को हजार रुपये मिलेंगे तो वह कालेज जा सकती हैं। पति से महिलाएं पैसे मांगती हैं। पति देता नहीं है। अब पति का मुंह देखने की जरूरत नहीं है। अब पति के पैसों से नहीं अपने खाते में आने वाले पैसों से साड़ी खरीद सकेंगे। बुजुर्ग महिलाएं पैसे जमा करके रखती हैं कि बेटी आएगी तो उसको कुछ उपहार देना है। बेटी मायके आती है तो मां सौ रुपए मुश्किल से दे पाती है। अब वह हजार रुपये दे पाएगी।

## न्यूज डायरी

### थलीसैंण में किया योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**संवाददाता** पौड़ी। उच्चशिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने थलीसैंण में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण, राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में 4जी इन्टरनेट एवं वेबसाइट का लोकार्पण किया। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में विज्ञान संकाय भवन का शिलान्यास भी किया गया। मंगलवार को उच्चशिक्षा मंत्री ने कहा कि इससे पहले गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए 100 किलोमीटर दूर श्रीनगर, पौड़ी या सतपुली जाना पड़ता था, लेकिन अब अल्ट्रासाउंड मशीन आ जाने से महिलाओं को लंबा सफर नहीं करना पड़ेगा। कहा कि आज श्रीनगर विधानसभा के दूरस्थ गांव में भी विकास पहुंच चुका है।

### माई क्लास रूम ने लॉन्च किया ″माई सीट 2021

**संवाददाता** देहरादून। माई क्लास रूम ने आज लॉन्च किया है ″माई सीट 2021″ –जो है वर्तमान में 8वीं, 9वीं और दसवीं में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक स्कॉलरशिप एलिजीबिलिटी–कम–एडमिशन टेस्ट। यह टेस्ट इन युवाओं को आईआईटी, एम्स और भारत के शीर्ष 100 इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेजों में गारंटी के साथ सीट पाने की तैयारी कराने का एक मौका देता है। सीधे आपके शहर में आधुनिकतम तकनीक व डिजिटल क्लास रूम के जरिए माई क्लासरूम प्रत्येक स्टूडेंट को भारत की शीर्ष फैकल्टी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अकादमिक उत्साह वाले वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराता है। इस पहल के बारे में बोलते हुए माई क्लास रूम के सह–संस्थापक व निदेशक, प्रशांत शर्मा ने कहा कि, ″माई सीट 2021 उन स्टूडेंट्स के लिए एक मौका है।

### मारुति सुजुकी सुपर कैरी की सेल्स 1 लाख के पार पहुंची

**संवाददाता** देहरादून। देश के सबसे शक्तिशाली मिनी–ट्रक, मारुति सुजुकी सुपर कैरी ने अपने लॉन्च के 5 सालों में 100,000 यूनिटों की सेल कर रिकॉर्ड हाल ही में उपलब्धि हासिल की है। यह 4 सिलेंडर इंजन के साथ भारत का एकमात्र मिनी–ट्रक है। सुपर कैरी, कमर्शियल ग्राहकों की विविध प्रकार जरूरतों को पूरा करता है। यह एक प्रभावशाली गुड्स कैरियर है। पेट्रोल व सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध मारुति सुजुकी सुपर कैरी का विकास खास भारत के लिए किया गया है। यह भारत में मिनी ट्रक के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। कमर्शियल सेगमेंट में मारुति सुजुकी ने सन 2016 में भारत में सुपर कैरी प्रस्तुत करके प्रवेश किया था।

## पंचायतों की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण देने पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। उत्तराखंड प्रशासनिक प्रशिक्षण अकादमी नैनीताल के तत्वावधान में यमुना घाटी के पंचायत प्रतिनिनियों को आपदा प्रबंधन में पंचायतों की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण देने हेतु पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मोरी राजकीय इंटर कालेज में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए अकादमी के कार्यक्रम निदेशक डा. ओमप्रकाश ने कहा जब भी कभी आपदा आती है तो पंचायत प्रतिनिधि ही सबसे पहले वहां पहुंचते है इसलिए इन लोंगो को प्रशिक्षण देने हेतु प्रदेश सरकार ने पहल की है।

उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल के तत्वाधान में राजकीय इंटर कॉलेज मोरी में नौगांव, पुरोला एवं मोरी के पंचायत प्रतिनिधियो की एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया गया है। कार्यशाला में कार्यक्रम निदेशक डॉ. ओम प्रकाश ने उत्तराखंड की विभिन्न आपदओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपदा ग्रसित मोरी विकास खण्ड हेतु यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण है।

कार्यशाला में टौंस वन प्रभाग के डीएफओ सुबोध कुमार काला ने वन पंचायत व पर्यावरण के सरक्षण पर विस्तृत व्याख्यान दिया।उन्होंने वनों के सरक्षण हेतु सभी पंचायत प्रतिनिधियो का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण के साथ ही वन पर्यावरण व वन्य जीवो को जीवित रखकर जन जागरूकता अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यता है।



## सीएचसी में कार्यरत संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी

**संवाददाता** पुरोला। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन के आह्वान पर यहां सीएचसी में कार्यरत संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार मंगलवार को भी जारी रहा। संविदा कर्मी गत एक सप्ताह से अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलनरत है। संविदा कर्मियो के अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार के चलते यहां स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। मंगलवार को संविदा कर्मियों ने दो सूत्रीय मांग को लेकर यहां नारेबाजी भी की। इस अवसर पर यमुनाघाटी के उपाध्यक्ष बीके सिलवाल ,पूनम,हेमलता,सपना,स्मृति लता,शिवानी वर्मा,अजयपाल राणा,विजयपाल राणा,,अंजना रावत, स्मिता मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के पोखरी में भाजपा महिला मोर्चा ने महिला शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और विधायक ऋतु खंडूड़ी ने कहा मातृ शक्ति ने सदैव परिवार, समाज से लेकर राष्ट्र के लिये शक्ति और पोषण और जीवन समर्पण का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिलाओं के मान, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिये सदैव कार्य किया है।

महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वप्रथम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ



अभियान देकर मात्र शक्ति का सम्मान बढ़ाया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया। कहा कि आज महिलाएं विकास की मुख्यधारा में जुड़ कर विकास कार्य में अपनी सहभागिता निभा रही हैं। इस अवसर पर बदरीनाथ विधायक महेंद्र भट्ट ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए एवं महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए अनेकों कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आजीविका मिशन के माध्यम से अनुदान देकर कारोबार में उन्नति हो आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। महिला मंडलों को सशक्त करने के लिए सभी पंजीकृत महिला मंगल दलों को 15000 की राशि सीधे खाते में दी जा रही है। उन्हें पति की पैतृक संपत्ति में बराबर के हकदार के लिए कानून बनाया है।

सम्मेलन में भाजपा के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट ने कहा पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार ने महिला शक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

## रविकिशन और शिल्प शिंदे को बहुत पसंद आ रही दून की वादियां

**संवाददाता** देहरादून। बूंदी रायता फिल्म की शूटिंग के पिछले कई दिनों से दून में चल रही है और अभी 10 जनवरी तक चलेगी। जानकारी देते हुए फिल्म के कलाकार रवि किशन और शिल्पा शिंदे हुए कहा कि दून की वादियों में शूटिंग कर के उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक बूंदी रायता की शूटिंग देहरादून के विभिन्न स्थानों पर हुई और सभी लोकेशन्स बहुत ही बढ़िया थी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म जगत के लिए अपार संभावनाएं है। यहाँ के लोग भी बहुत ही मददगार साबित हो रहें है। वहीं रविकिशन ने फिल्म की शूटिंग के बाद भी यहीं पर रुक कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चुनाव में प्रचार करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि वे उत्तर प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी जी का प्रचार कर रहे है और यहाँ पुष्कर धामी का चुनाव प्रचार संभालेंगे। उन्होंने बताया कि धामी जी से मुलाकात कर उन्होंने कई बिंदुओं पर चर्चा की।